Thirteenth Loksabha

Session : 9
Date : 26-04-2002

Participants : Mohale Shri Punnulal

Title: Demands to take action against the guilty doctors of AIIMS Hospitals.

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) : सभापति महोदय, मैं दिल्ली AIIMS हास्पिटल की लापर वाही के बारे में बताना चाहता हूं। मेरे निर्वाचन क्षेत्र बिलासपुर के एक गांव कुंदुड़्ड से आए 18 दिन के बच्चे का हार्ट का इलाज करने के लिए भर्ती किया। आपरेशन के लिए वहां छतीसगढ बिलासपुर अपोलो हास्पिटल में भर्ती किया गया था, लेकिन अपोलो हास्पिटल में सहीं ढंग से इलाज नहीं किया गया। यहां 18 दिन के बाद उसकी मृत्यु हो गई। यहां AIIMS हास्पिटल में पहले मलेरिया हुआ, फिर जान्डिस हुई और फिर उसको गंगाराम हास्पिटल दिल्ली ले जाया गया। ठीक नहीं हुआ दिल्ली AIIMS में संक्रामक बीमारी फैलने से आठ बच्चों की मृत्यु हो गई। मेरा निवेदन है कि दिल्ली AIIMS के लापरवाही बरतने वाले डाक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।